8	Earnings per share (before and after extraordinary items) (face value of ₹10/- each) (Not annualised for the interim period)					
	(a) Basic	16.06	(8.15)	(11.29)	10.13	(3.91)
	(b) Diluted	16.06	(8.15)	(11.29)	10.13	(3.91)

Notes :

1) The above is an extract of the detailed format of Revised Audited Financial Results for the Quarter and Year Ended March 31, 2026 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of these results are available on the Stock Exchange's website (www.bseindia.com) and the Company's website (www.naperol.com).
2) The said results were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their respective meetings held on August 11, 2026 and August 12, 2026.

For National Peroxide Limited
(formerly known as NPL Chemicals Limited)
sd/-
Rajiv Arora
Chief Executive Officer and Director
DIN : 08730235

Place: Mumbai
Date : August 12, 2026

Pennar Industries Limited

PENNAR INDUSTRIES

Regd Off: 2-91/14/8/PIL/10&11, 7th Floor, whitefields, Kondapur, Serilingampally, K.V Ranga Reddy Dist, Hyderabad 500084, Telangana, India. **Tel**: +91 40 40061621; **Fax**: +91 40 40061618
Email: corporatecommunications@pennarindia.com; **Website**: www.pennarindia.com

Extract of Unaudited Consolidated Financial Results for the Quarter Ended 30th June 2026

(Rs. in Lakhs)

Sl. No.	Particulars	Quarter Ended 30-Jun-26	Quarter Ended 30-Jun-25
1	Total income from operations	88,455	85,400
2	Net Profit / (Loss) after tax and Minority Interest	3,541	3,194
3	Total Comprehensive Income after Minority (includes Net Profit and Other Comprehensive Income net of tax)	3,509	3,182
4	Paid up Equity Share Capital	6,747	6,747
5	Earnings Per Share (EPS) (of Rs. 5/- each) Basic and Diluted Earnings (Rs.) (not annualised)	2.62	2.37

a. The above Consolidated financial results are reviewed and recommended by the Audit Committee at their meeting held on August 12, 2026 and approved by the Board of Directors at their meeting held on August 12, 2026.
b. Key Standalone financial information is given below.

(Rs. in Lakhs)

Particulars	Quarter Ended 30-Jun-26	Quarter Ended 30-Jun-25
Income from operations	58,196	66,232
Profit before tax	2,865	2,795
Profit after tax	2,165	2,259

c. Previous figures have been regrouped reclassified, wherever necessary.
d. Profit after minority interest numbers are non comparable due to change in share holding pattern.
e. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with stock exchange under regulation 33 of SEBI(Listing obligation and disclosure requirements) regulation 2015. The full format of the quarterly financial results available on the company's website viz www.pennarindia.com and website of BSE(www.bseindia.com) and NSE(www.nseindia.com).

By order of the Board
Aditya N Rao
Vice-Chairman & Managing Director
DIN 01307343

Place : Hyderabad
Date : 12.08.2026

ANJANI PORTLAND CEMENT LIMITED

CIN:L26942TG1983PLC157712
Regd. Office: #6-3-553, Unit No. E3 & E4, 4th Floor,Quena Square Off: Taj Deccan Road, Erramanzil, Hyderabad, Telangana 500082
Tel no: +91-40-23353096 Website Address :www.anjanicement.com

Extract of Unaudited Consolidated and Standalone Financial Results for the Quarter ended 30th June, 2026

(Rs. in Lakhs except for EPS)

Sl. No.	Particulars	Consolidated				Standalone			
		Quarter Ended			Year Ended	Quarter Ended			Year Ended
		30-06-2026 (Unaudited)	31-03-2026 (Audited)	30-06-2025 (Unaudited)	31-03-2026 (Audited)	30-06-2026 (Unaudited)	31-03-2026 (Audited)	30-06-2025 (Unaudited)	31-03-2026 (Audited)
1	Total income from operations	8,976	12,404	13,953	45,521	4,273	4,578	11,583	31,020
2	Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or /Extraordinary items)	(1,084)	77	(458)	(2,979)	(356)	(333)	252	(2,362)
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(1,084)	77	(458)	(2,979)	(356)	(333)	252	(10,358)
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	(980)	165	(345)	(2,631)	(373)	(351)	269	(10,396)
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(945)	214	(392)	(2,527)	(349)	(316)	228	(10,309)
6	Equity Share Capital	2,937	2,937	2,937	2,937	2,937	2,937	2,937	2,937
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year				33,967				24,392
8	Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (not annualized)								
	Basic	(2.41)	(0.30)	(1.16)	(9.80)	(1.27)	(1.19)	0.92	(35.39)
	Diluted	(2.41)	(0.30)	(1.16)	(9.80)	(1.27)	(1.19)	0.92	(35.39)

Notes:

The above is an extract of the detailed format of Statement of Unaudited Consolidated and Standalone Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015. The full format of the Quarterly Results are available on the Company's websites viz. www.anjanicement.com and on the website of BSE (www.bseindia.com) and NSE (www.nseindia.com). The financial results can be accessed by scanning the QR code provided below:

Scan the QR Code to view the Results on the website of the Company

For and on behalf of the Board of Directors of
Anjani Portland Cement Limited

V.Valliammai
Chairperson
(DIN 01197421)

Place : Hyderabad
Date : 12th August, 2026

संवेदनशील आपदा क्षेत्रों में हाईटेक कैमरों से निगरानी

आधुनिक तकनीक से आपदा प्रबंधन को मिलेगी नई मजबूती : चौहान

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन एवं जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान के निर्देशन में जनपद देहरादून में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। अतिवृष्टि एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जनपद के संवेदनशील आपदा क्षेत्रों तथा प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हाई डेफिनेशन पीटीजेड कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा सहस्त्रधारा, कार्लीगाड़ एवं गुच्छुपानी सहित प्रमुख संवेदनशील एवं पर्यटन स्थलों पर इन कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे रियल टाइम निगरानी की व्यवस्था की गई है। कैमरों का एक्सेस जिला आपदा परिचालन केंद्र (आपदा कंट्रोल रूम) में उपलब्ध है, जहां से संबंधित क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है। मालदेवता में पीटीजेड कैमरे स्थापित करने का कार्य भी गतिमान है।

इन अत्याधुनिक कैमरों के माध्यम से जलस्तर में अचानक वृद्धि, असामान्य गतिविधियों अथवा किसी भी आपदा की स्थिति की तत्काल जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। इससे संभावित खतरे का समय रहते आकलन कर राहत एवं बचाव कार्य तेजी से शुरू करने में मदद मिलेगी। साथ ही, प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की गतिविधियों एवं सुरक्षा पर भी लगातार नजर रखी जा सकेगी। जिलाधिकारी डा.आशीष चौहान ने बताया कि प्रारंभिक चरण में सहस्त्रधारा क्षेत्र के आपदा की दृष्टि से संवेदनशील कार्लीगाड़ में कैमरे स्थापित कर दिए गए हैं। सहस्त्रधारा, मालदेवता एवं गुच्छुपानी में पर्यटकों की अधिक आवाजाही को देखते हुए इन क्षेत्रों में भी निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की रियल टाइम मॉनिटरिंग जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन की इस पहल से आपदा के दौरान अर्ली अलर्ट, त्वरित सूचना एवं त्वरित राहत-बचाव कार्रवाई को मजबूती मिलेगी। साथ ही, पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी यह तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

पिथौरागढ़-चंपावत जिलों को दी करोड़ों की योजनाओं की सौगात

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ के अन्तर्गत एंचोली जाख मोटर मार्ग में मोती मार्ग प्रवेश द्वार के निर्माण किये जाने हेतु 8.93 लाख, जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत में सेलागाड से कोटकेन्द्री तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण किये जाने हेतु 40.53 लाख तथा जनपद टिहरी के विधानसभा क्षेत्र नई टिहरी में ग्राम पुलिया नामे पंचायत खडीखाल में सड़क से भारी केमर गांव डाबरा पानी तोक तक आरसीसी खडिंजा रेलिंग मार्ग का निर्माण किये जाने हेतु 52.06 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त में 31.23 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ में ध्वज जयंती माता मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु विकास कार्य यथा-आवास, पेयजल, शौचालय मार्ग आदि का निर्माण किये जाने हेतु 97.09 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त में 58.25 लाख, जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र पुरोला के विकासखण्ड नौगांव में रवांई घाटी के आराध्य देवी श्री रुद्रेश्वर महाराज मंदिर बिंछा नौगाव का सौन्दर्यीकरण किये जाने हेतु 1.79 करोड़ की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त में 1.07 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट में मछी मनिला मंदिर का सौन्दर्यीकरण किये जाने हेतु ? 98.80 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त में 59.28 लाख, जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के विकासखण्ड धौलादेवी के न्याय पंचायत क्षेत्र ध्याडी के भेटाबडोली में भीमादेवी मंदिर का सौन्दर्यीकरण किये जाने हेतु 98.50 लाख की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त में 59.1 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

युवाओं को मिलेगी एआई और रोबोटिक्स की आधुनिक शिक्षा

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने दो नये बीटेक पाठ्यक्रमों के संचालन को दी मंजूरी

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के बीटीकेआईटी परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग तथा रोबोटिक्स पाठ्यक्रम संचालित किये जायेंगे ताकि छात्रों को अत्याधुनिक व वैश्विक तकनीक से जोड़ा जा सके। इन दोनों नये बीटेक पाठ्यक्रमों के संचालन को तकनीकी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने मंजूरी दे दी है। दोनों पाठ्यक्रम वर्तमान शैक्षणिक सत्र से स्व-वित्त पोषित माध्यम से चलाये जायेंगे।

तकनीकी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और रोबोटिक्स जैसे उभरते तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। जिसको देखते हुये राज्य सरकार ने राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर आधुनिक पाठ्यक्रमों के संचालन का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया बिपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्रौद्योगिकी संस्थान (बीटीकेआईटी), द्वाराहाट में दो नये बीटेक पाठ्यक्रम संचालित किये जायेंगे, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग (एआई एंड एमएल) तथा रोबोटिक्स शामिल है। रावत ने बताया कि दोनों पाठ्यक्रमों को शैक्षिक सत्र 2026-27 से स्व-वित्त पोषित माध्यम से संचालन की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इसके साथ ही दोनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। विभागीय मंत्री डा.रावत ने बताया कि दोनों नये पाठ्यक्रमों के संचालन को बीटीकेआईटी द्वारा उत्तराखण्ड तकनीकि विश्वविद्यालय की प्रशासकीय परिषद तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), नई दिल्ली से भी आवश्यक अनुमोदन ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य तकनीकी संस्थानों में भी स्नातक व परास्नातक स्तर पर शीघ्र ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, बॉयोटेक, सेमीकंडक्टर तथा फुल-स्टैक डेवलपमेंट जैसे लोकप्रिय पाठ्यक्रमों का संचालन शुरू किया जायेगा, ताकि नये तकनीकी पाठ्यक्रमों के संचालन से युवाओं को प्रदेश में ही अत्याधुनिक क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सकेगा।

स्मार्ट मीटरों की निष्पक्ष जांच एवं विवादित बिलों पर रोक की मांग

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रितेश छेत्री के नेतृत्व में बुधवार को कैंट विधानसभा क्षेत्र के उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रबंध निदेशक, ऊर्जा विभाग एवं उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं को आ रही विभिन्न समस्याओं एवं अचानक अत्यधिक विद्युत बिल आने की शिकायतों को गंभीरता से उठाया। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि लगाए गए स्मार्ट मीटरों की निष्पक्ष एवं तकनीकी जांच कराई जाए तथा जिन उपभोक्ताओं के विद्युत बिल अचानक अत्यधिक बढ़ गए हैं, उनके मीटर एवं विद्युत आपूर्ति की जांच कर आवश्यक सुधार किया जाए।

विभाग के प्रबंध निदेशक पीसी ध्यानी से मिलकर समस्या को अवगत कराया तथा उनके द्वारा 15 दिन के अंदर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया जिसके परिणाम स्वरूप रितेश छेत्री ने कहा तय समय के अनुसार समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस द्वारा विभाग की ताला बंदी एवं घेराव किया जायेगा।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि जिन स्मार्ट मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं में शिकायतें एवं असंतोष है, उनकी निष्पक्ष जांच कर आवश्यकतानुसार उन्हें हटाकर नए मीटर लगाए जाएं। नए लगाए गए इलेक्ट्रॉनिक स्मार्ट मीटरों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तकनीकी जांच सुनिश्चित की जाए। जिन उपभोक्ताओं के विद्युत बिल अचानक अत्यधिक बढ़े हैं, उनके मीटर एवं विद्युत खपत की जांच कर बिलों में आवश्यक सुधार किया जाए। मीटर की जांच पूरी होने तक गलत एवं विवादित विद्युत बिलों की वसूली पर रोक लगाई जाए। दोषपूर्ण मीटरों को तत्काल बदला जाए तथा उपभोक्ताओं से अतिरिक्त वसूली गई राशि का समायोजन अथवा वापस भुगतान किया जाए।

मीटर रीडिंग एवं विद्युत बिल की गणना से संबंधित पूरी जानकारी पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराई जाए। स्मार्ट मीटर लगाने से पूर्व उपभोक्ताओं को इसकी प्रक्रिया, नियमों एवं बिल निर्धारण की व्यवस्था की स्पष्ट जानकारी दी जाए। रितेश छेत्री ने कहा कि बिजली उपभोक्ता किसी भी स्थिति में अनावश्यक आर्थिक बोझ का शिकार नहीं होना चाहिए।

सूचना

मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश हाई स्कूल के अंक पत्र व प्रमाण पत्र में कुमारी खुशी दर्ज हुआ है, जबकि उसके आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम खुशी प्रसाद (KHUSHI PRASAD) दर्ज है,जो की सही व सत्य है। नरेंद्र प्रसाद पुत्र स्व. विरेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम खत्याड़ी, पो. तह. व जिला अल्मोड़ा

सूचना

मेरे पैन कार्ड संख्या CTIPR 2246E में त्रुटिवश मेरे पिता के वास्तविक नाम अब्दुल मजीद (ABDUL MAJEED) के स्थान पर RIAZUDIN दर्ज हो गया है। मेरे पिता का वास्तविक नाम अब्दुल मजीद (ABDUL MAJEED) है। जो अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज है। **रिहाना पत्नी श्री तौकीर अहमद निवासी वार्ड नंबर 3 कालाढूंगी, जिला नैनीताल।**

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.

संशोधन/ शुद्धि पत्र

एतद्द्वारा इस खण्ड से सम्बन्धित दिनांक 08-08-2026 को प्रकाशित निविदा संख्या 11 ETD (H) /2025-26 एवं 12 ETD (H) /2025-26 को उसके स्थान पर निविदा संख्या 11 ETD (H) /2026-27 एवं 12 ETD (H) /2026-27 पढ़ी जाय।

राष्ट्रहित में विद्युत बचायें

अधिशासी अभियन्ता

विद्युत परीक्षण खण्ड, हल्द्वानी

संख्या: 985 दिनांक: 12.08.2026

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम चेतन धिर (CHETAN DHIR) से बदलकर चेतन धीर (CHETAN DHEER) रख लिया है। भविष्य में मुझे चेतन धीर (CHETAN DHEER) के नाम से जाना व पहचाना जाएगा। **चेतन धीर पुत्र श्री हरीश चन्द्र धीर निवासी- के-6 वॉर्ड न-11 वीर हकीकत मार्ग, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड**

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, तिकोनिया नैनीताल रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)-263139, फोन एवं फैक्स : 05946-220172, E-mail: eddhld@yahoo.com

विद्युत बाधित होने की सूचना

हल्द्वानी (नगर) खण्ड के अन्तर्गत समस्त सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि 33/11 केवी उपसंस्थान, के०डी० चौराहा, हल्द्वानी को पोषित करने वाली 33 केवी विद्युत लाईन के समीप वर्तमान वर्षा ऋतु में वृक्षों की टहनियाँ आ रही हैं जिस कारण 33 केवी लाईन में ट्रिपिंग/ब्रेक डाउन हो रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं को निर्वाध विद्युत आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। उपभोक्ताओं को निर्वाध विद्युत आपूर्ति हेतु उक्त 33 केवी लाईन के अतिरिक्त 11 केवी लाईनों के समीप आ रहे वृक्षों की टहनियों के पातन का कार्य किया जाना नितान्त आवश्यक है।

इस अवधि में सम्बन्धित पोषकों से पोषित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण/आशिंक रूप से बाधित रहेगी।

क्र0 सं0	दिनांक एवं दिन	उपसंस्थान का नाम	फीडरों के नाम	समय
01	13.08.2026 (गुरुवार)	33/11 के०वी० उपसंस्थान, कालाढूंगी चौराहा, हल्द्वानी	रामपुर रोड पोषक	प्रातः 10:00 से सांय 04:00 बजे तक
02	14.08.2026 (शुक्रवार)		बरेली रोड पोषक	

अतः समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

"विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाइन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जायें"

पत्रांक: 5576/वि0न0वि0ख0/ दिनांक : 12/08/2026 अधिशासी अभियन्ता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" कस्टमर केयर टोल फ्री नं0 1800-419-0405

पीआईबी देहरादून में किया गया फलदार पौधों का रोपण

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) देहरादून द्वारा बुधवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर में फलदार पौधे (आम, चीकू, लीची) रोपे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।'एक पेड़ माँ के नाम', एक विशेष देशव्यापी पेड़ लगाने की अभियान है, जो 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किया गया। इस अभियान के तहत लोगों को अपनी माँ के प्रति प्यार, सम्मान और आदर के चिह्न के रूप में तथा पेड़ों और धरती मां की सुरक्षा की शपथ लेने के लिए, एक पेड़ लगाने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। इस अभियान का मकसद, भूक्षरण को रोकना और भूमि के टूटे और खराब हिस्सों को पुर्नस्थापित करना है।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित आकाशवाणी देहरादून की संयुक्त निदेशक साक्षी सिंह ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान प्रकृति के प्रति हमारी आस्था, कृतज्ञता और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प का पावन प्रतीक है। यह अभियान हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित, स्वच्छ और समृद्ध भविष्य के निर्माण की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पीआईबी देहरादून के सहायक निदेशक संजीव सुंद्रियाल ने उपस्थित सभी लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस शुभ अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएं, उसके संरक्षण का संकल्प लें और हरित, स्वच्छ एवं समृद्ध उत्तराखण्ड के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

प्रकृति और माँ का रिश्ता अटूट है; एक पेड़ माँ के नाम अभियान हमारी जननी और पर्यावरण के प्रति असीम कृतज्ञता का प्रतीक है। सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपने संस्थान, कार्यस्थल तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ, हरित एवं सुंदर बनाए रखने का सामूहिक संकल्प लिया। साथ ही, सभी ने एक स्वच्छ, स्वस्थ और सतत भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.

ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा आयकर, जी.एस.टी., विभाग में पंजीकृत व अनुभवी ठेकेदारों से निम्न निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनॉक 31-08-2026 को सायं 17.00 बजे तक बेची, अपलोड व जमा की जा सकेगी व दिनांक 01-09-2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जाएगी।

1. ई-निविदा संख्या ई.डी.डी. (आर)/34/2026-27

उपरोक्त निविदाओं की अधिक जानकारी हेतु वैबसाईट www.uktenders.gov.in पर देखें।

(राष्ट्रहित में बिजली बचायें)

विद्युत बिलों के 24 X 7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें Pay electricity bill Online 24×7 from www.upcl.org"

अधिशासी अभियन्ता

विद्युत वितरण खण्ड, रामनगर (नैनीताल)

संख्या: 2756 दिनांक: 12.08.2026

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि.

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड, किच्छा (ऊधमसिंह नगर)- 263148

विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा के अधीन सम्बन्धित 33/11के0वी0 उपसंस्थान किच्छा के अन्तर्गत आर0डी0एस0एस0 स्कीम के तहत विद्युत लाईनों के कन्डक्टर को बदलने का कार्य होना प्रस्तावित है। अतः सारणी अनुसार निम्नलिखित तिथि को विद्युत आपूर्ति पूर्णतः/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलाये जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

क्रम0 सं0	उपसंस्थान का नाम	प्रभावित पोषक	तिथि	प्रभावित क्षेत्र	समय
1	33/11 के0वी0 उपसंस्थान, किच्छा	33 के0वी0 पुलभट्टा पोषक	14.08.2026	सम्बन्धित पोषक के क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोषित होने वाले नगरीय, ग्रामीण एवं औद्योगिक पोषक	प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक
2			17.08.2026		
3		33 के0वी0 एस0आर0होण्डा पोषक	18.08.2026		
4		33 के0वी0 बी0 बी0 आई0 पोषक	19.08.2026		
5		11के0वी0 एस0 ई0 आर0 एल0 पोषक	16.08.2026		

Customer Care Toll Free No- 1912

" Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"

राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं।

संख्या: 1920 दिनांक: 12.08.2026 **अधिशासी अभियन्ता**

मंदिर की आस्था के नाम पर लाखों का खेल!

16 लाख के गबन के आरोप में चार पर एफआईआर

- **सोसायटी की मियाद खत्म होने के बाद भी मंदिर प्रबंधन संभालने का आरोप, चंदे-दान का हिसाब मांगने पर विवाद**
- **150 लोगों से हर माह 500 रुपये और दान पेटियों से जुटी रकम का हिसाब संदिग्ध, न्यायालय के आदेश पर जांच शुरू**

उत्तर उजाला ब्यूरो

हरिद्वार। नया हरिद्वार स्थित हरिहर बांके बिहारी मंदिर की चंदा और दान राशि में कथित गबन के मामले में ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

न्यायालय के आदेश पर दर्ज मुकदमे में नया हरिद्वार निवासी सुधाकर सिंह ने श्यामबाबू शर्मा, सुभाष जांगड़, केदारनाथ वर्मा और राजीव त्यागी पर मंदिर की आय को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सुधाकर सिंह ने बताया कि नया हरिद्वार वेलफेयर सोसायटी का पंजीकरण 17 नवंबर 2014 से 16 नवंबर 2019 तक पांच वर्ष के लिए हुआ था। आरोप है कि सोसायटी की अवधि समाप्त होने के बाद न तो चुनाव कराया गया और न ही उसका नवीनीकरण हुआ। इसके बावजूद आरोपितों ने खुद को सोसायटी का पदाधिकारी बताते हुए हरिहर बांके बिहारी मंदिर का प्रबंधन अपने हाथ में ले लिया।

आरोप है कि मंदिर के रखरखाव और आयोजनों के नाम पर नया हरिद्वार के करीब 150 लोगों से प्रतिमाह 500 रुपये लिए जा रहे थे। इससे करीब 75 से 80 हजार रुपये मासिक प्राप्त होने का आरोप है। इसके अलावा मंदिर की दान पेटियों से करीब 25 हजार रुपये प्रतिमाह मिलने का भी दावा किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस रकम का कोई पारदर्शी हिसाब-किताब नहीं दिया गया।

सुधाकर सिंह ने आरोप लगाया कि मंदिर से प्राप्त धनराशि को नया हरिद्वार वेलफेयर सोसायटी के पुराने खाते में जमा करने के बजाय आरोपितों ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र, हरिद्वार शाखा में खाता खोलकर करीब 16 लाख रुपये जमा किए और उसका कथित तौर पर गबन कर लिया। साथ ही लाखों रुपये मनमाने तरीके से खर्च किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, 18 नवंबर 2025 को जब उसने सोसायटी के पंजीकरण और मंदिर से प्राप्त धनराशि का हिसाब मांगा तो उसे जानकारी देने से इनकार कर दिया गया। 7 अप्रैल 2026 को लिखित रूप से हिसाब मांगने के बावजूद कोई जानकारी नहीं दी गई। इसके बाद 2 मई को ज्वालापुर पुलिस और 12 मई को एसएसपी हरिद्वार को शिकायत दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।

इंस्पेक्टर चंद्रभान अधिकारी ने बताया कि श्यामबाबू शर्मा पुत्र तुलसीराम शर्मा, सुभाष जांगड पुत्र छज्जूराम, केदारनाथ वर्मा पुत्र रामजी लाल शर्मा, राजीव त्यागी पुत्र महिपाल सिंह त्यागी समस्त निवासीगण नया हरिद्वार के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

स्पर्श हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, खटीमा

आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि स्पर्श हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, खटीमा जिला- ऊधम सिंह नगर, (उत्तराखण्ड) में भर्ती मरीजों का ईलाज से सम्बन्धित वर्ष 2018 से 2021 तक चिकित्सकीय रिकार्ड नष्ट किया जाना है, यदि तत्समय मरीजों को रिकार्ड से सम्बन्धित जानकारी की आवश्यकता हो तो 30 दिन के अन्दर अस्पताल में मेडिकल रिकार्ड (MRD) विभाग में 13 सितम्बर 2026 से पहले सम्पर्क करें। रिकार्ड के निस्तारण (Dispose) के उपरान्त अस्पताल का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

प्रबन्धक

निकट ब्लॉक गेट सितारगंज रोड, खटीमा (ऊधमसिंह नगर) 262308

Phone No- 05943-252200, 9458998102 EmailId- sparshhosp2018@gmail.com

दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लिमिटेड

(पंजीकृत कार्यालय नैनीताल) (Regd. Office: NAINITAL)

'कूर्मांचल भवन' तल्लीताल, नैनीताल-263002, फोन- 236574, 231525, फैक्स-05942-231111

क्रमांक : सा.नि. 5554/08/26 दिनांक 12-08-2026

साधारण वार्षिक सभा हेतु सूचना

सेवा में,

समस्त प्रतिनिधि सामान्य निकाय

दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लि.,

महोदय/महोदया,

दि कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक लि. के सामान्य निकाय के प्रतिनिधियों की 44वीं साधारण वार्षिक सभा शनिवार, दिनांक 05.09.2026 को पूर्वाह्न 11.30 बजे से राज्य अतिथि गृह (नैनीताल क्लब) नैनीताल में प्रारंभ होगी। आपसे निवेदन है कि कृपया निर्धारित समय पर उपस्थित होकर सभा की कार्यवाही में भाग लेने की कृपा करें। निर्धारित समय में गणपूर्ति (कोरम) न होने पर सभा को स्थगित कर दिया जाएगा और आधे घण्टे के अन्तराल के बाद सभा पुनः प्रारम्भ होगी। यदि सभा के स्थान व समय में कोई परिवर्तन होता है तो उसकी सूचना अलग से दी जाएगी।

सभा का एजेण्डा निम्नवत् हैः-

एजेण्डा :

(1) अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रतिनिधियों का स्वागत, (2) सामान्य निकाय के प्रतिनिधियों की पिछली (43वीं) साधारण वार्षिक सभा दिनांक 26 सितम्बर, 2025 का वाचन एवं वाचन पश्चात् पुष्टि पर विचार, (3) वर्ष 2025-2026 के कार्य विवरण संबंधी वार्षिक प्रतिवेदन (आख्या) पर विचार, (4) दिनांक 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष से संबंधित संपरीक्षित संतुलन-पत्र, लाभ-हानि खाता तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन / प्रमाण पत्र पर विचार, (5) वित्तीय वर्ष 2025-2026 में बैंक द्वारा अर्जित लाभ के निस्तारण पर विचार (6)वित्तीय वर्ष 2025-2026 में बजट के सापेक्ष वास्तविक आय-व्यय के अंतर की पुष्टि एवं 2026-27 व 2027-28 के अनुमानित आय-व्यय लेखा (बजट) की स्वीकृति पर विचार, (7) आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अधिकतम दायित्व निर्धारित करने पर विचार, (8) बैंक कर्मचारियों के मेधावी पाल्यों को सम्मानित करने पर विचार (9) बैंक की सर्वाधिक लाभार्जन वाली शाखा को सम्मानित करने पर विचार (10) बैंक की सर्वाधिक व्यवसाय करने वाली छोटी व बड़ी शाखा को सम्मानित करने पर विचार (11) अन्य विषय, अध्यक्ष महोदय की अनुमति पर (12) उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आभार।

सचिव

इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: ए-1, इण्डस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, काशीपुर-244 713, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

दूरभाष: +91 5947 269000/269500, **फैक्स:** +91 5947 275315/269535

ई-मेल: compliance.officer@indiaglycols.com, **वेबसाइट:** www.indiaglycols.com, **सीआईएन:** L24111UR1983PLC009097

30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम

(रु. करोड़ में, निर्दिष्ट को छोड़कर)

क्र. सं.	विवरण	एकल				समेकित			
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष
		30.06.2026 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	30.06.2025 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	30.06.2026 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	30.06.2025 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)
1.	परिचालनों से कुल आय	2,987.30	2,400.60	2,504.43	9,869.71	2.988.82	2,360.63	2,504.52	9,831.56
2.	ब्याज, मूल्यह्रास एवं कर पूर्व लाभ (ईबीआईटीडीए)	170.30	203.42	149.26	690.09	169.94	167.12	151.04	654.18
3.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/या विशिष्ट मदों से पूर्व)	102.64	135.78	70.13	367.53	102.28	99.48	71.91	331.62
4.	अवधि के लिए कर पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या विशिष्ट मदों के पश्चात)	102.64	135.78	70.13	366.70	122.88	112.46	90.53	377.21
5.	अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या विशिष्ट मदों के पश्चात)	76.59	110.28	52.85	282.33	96.83	86.88	73.25	292.76
6.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल]	76.40	109.14	52.66	280.63	96.68	86.08	72.82	291.14
7.	इक्विटी शेयर पूंजी	33.51	33.51	30.96	33.51	33.51	33.51	30.96	33.51
8.	अन्य इक्विटी के रूप में अंकेक्षित तुलनपत्र में दिखाया गया	-	-	-	2,503.93	-	-	-	2,899.27
9.	प्रति शेयर अर्जन (रु. 5/- प्रति) (वार्षिकीकृत नहीं) - मूल एवं तनुकृत (रु. में)	11.43	17.31	8.53	44.31	14.45	13.64	11.83	45.95

टिप्पणी :

1. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (URL: https://www.indiaglycols.com/financial-information/) पर उपलब्ध है। इन्हे नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी अभिगमित किया जा सकता है।

कृते इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड

हस्ता/-

यू. एस. भरतिया

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

डीआईएन : 00063091

स्थान : नोएडा

दिनांक : 12 अगस्त, 2026

ज्वालापुर में स्कूल बस का कहर, महिला को कुचलकर चालक फरार

उत्तर उजाला ब्यूरो

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में बुधवार सुबह तेज रफ्तार स्कूल बस की चपेट में आने से 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से शेरकोट, धामपुर, बिजनौर निवासी शीबा (35) वर्तमान में अपने परिवार के साथ ज्वालापुर क्षेत्र में रह रही थीं। बुधवार सुबह वह काम के सिलसिले में घर से निकली थीं। बताया गया कि ऊंचे पुल के पास पहुंचते ही पीछे से तेज गति से आ रही स्कूल बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला सड़क पर गिर गईं और बस की चपेट में आ गईं। गंभीर चोट लगने के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। चालक बस को मौके पर छोड़ने के बजाय लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना की जांच की जा रही है।